# कार्यालय, पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/पूरक परीक्षा/2025–26** **दिनांक :– यथा ई–हस्ताक्षर**

**प्राचार्य,**
**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,**
**समस्त, राजस्थान ।**

**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**समस्त, राजस्थान।**

विषय :– प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा–8) पूरक परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) पूरक परीक्षा, 2026 के आवेदन पत्र भरवाने के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी दिशा–निर्देश : 05.02.2026 (राजकाज रेफ्रेन्स नं. 20280231 व 20280250) व 10.02.2026 (राजकाज रेफ्रेन्स नं. 2045680) के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक दिशा–निर्देशों के क्रम में लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा–8) पूरक परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) पूरक परीक्षा, 2026 के आयोजन हेतु पूर्व में माह फरवरी तथा मार्च 2026 में आयोजित हुई मुख्य परीक्षाओं, 2026 के लिए दिनांक : 24. 03.2026 को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इन दोनों परीक्षाओं हेतु जारी परीक्षा परिणाम में पूरक (Supplementary) रहे पात्र परीक्षार्थियों हेतु संलग्न प्रारूप अनुसार आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय से पूर्णतः भरा जाकर, संबंधित सी.बी.ई.ओ. कार्यालय के माध्यम से दिनांक 18.05.2026 तक अनिवार्यतः डाईट में एकत्रित किया जाना सुनिश्चित करें। यह प्रक्रिया अभियान के स्तर पर एक साथ सम्पूर्ण राज्य में संपादित करवाई जानी है, अतः निम्नांकित टाईम लाइन के अनुरूप समस्त विद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों से पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्देशानुसार डाईट तक पहुँचा दिये जावें। फॉर्म डाईट तक पहुँचाने का दायित्व संबंधित सी.बी.ई.ओ. कार्यालय का रहेगा। *ऐसा कोई भी परीक्षार्थी, जिसे मुख्य परीक्षा, 2026 की अंकतालिका में पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित किया गया है वो पूरक परीक्षा के लिए अनिवार्यतः शत–प्रतिशत आवेदन करे, इसका सम्पूर्ण दायित्व संबंधित विद्यालय, जिसमें कि पूरक परिणाम वाला विद्यार्थी सत्र 2025–26 में अध्ययनरत रहा है, के संस्था प्रधान का रहेगा।*

निर्धारित टाईम लाईन

| क्र.स. | करणीय कार्य | दिनांक से दिनांक तक | उत्तरदायित्व स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में परीक्षार्थी से पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विद्यालय स्तर पर पूर्ति करवाना | 04.05.2026 से 14.05.2026 तक | विद्यार्थी के विद्यालय का परीक्षा प्रभारी एवं संस्था प्रधान |
| 2 | विद्यालय द्वारा तैयार समेकित सूची मय वांछित संलग्नक अग्रेषण पत्र के साथ वाहक स्तर पर संबंधित सी.बी.ई.ओ. कार्यालय में जमा करवाना। | 15.05.2026 से 16.05.2026 तक | विद्यार्थी के विद्यालय का परीक्षा प्रभारी एवं संस्था प्रधान |
| 3 | संबधित सी.बी.ई.ओ. कार्यालय द्वारा स्वयं के क्षेत्राधीन विद्यालयों से प्राप्त समस्त समेकित सूचियां व आवेदन पत्र मय संलग्नक वाहक स्तर पर डाईट में जमा करवाना। | 18.05.2026 | सी.बी.ई.ओ. संबंधित ब्लॉक |
| 4 | डाईट द्वारा सी.बी.ई.ओ. कार्यालय से प्राप्त आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी की जांच उक्त समेकित सूची से करना। | 18.05.2026 से 20.05.2026 तक | कक्षा 5 व कक्षा 8 प्रभारी डाईट एवं प्राचार्य डाईट |
| 5 | डाईट द्वारा समेकित सूची हस्ताक्षर कर पंजीयक कार्यालय को पीडीएफ प्रारूप में तथा सॉफ्ट कॉपी प्रति एम.एस. एक्सेल में प्रेषित करना। जिले के समस्त आवेदन पत्र मय संलग्नक डाईट स्तर पर सुरक्षित रखे जायेगें, अतः पंजीयक कार्यालय को प्रेषित न करें। | 21.05.2026 | कक्षा 5 व कक्षा 8 प्रभारी डाईट एवं प्राचार्य डाईट |

RajKaj Ref No.: 21874686
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.04.29 12:43:07 IST
Reason: Approved

**<u>उपर्युक्त प्रक्रिया में निम्नांकित निर्देशो की पालना की जाए –</u>**

01. कक्षा–8 एवं कक्षा–5 पूरक परीक्षा 2026 के लिए पूरक परीक्षा आवेदन पूर्णतः निःशुल्क होगा।
02. मुख्य परीक्षा में पूरक घोषित प्रत्येक परीक्षार्थी की पात्रता भली–भांति जांच कर समस्त (शत–प्रतिशत) पूरक योग्य परीक्षार्थियों के पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने का दायित्व परीक्षार्थी के संस्था प्रधान का होगा।
03. सी.बी.ई.ओ. स्वंय के ब्लॉक के समस्त संस्था प्रधानो को पूरक परीक्षा आवेदन पत्र अभियान स्तर पर भरने के लिए सतत मॉनिटरिंग एंव समर्थन प्रदान करेंगें ताकि नियत समयावधि में कार्य सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरदायी होगें।
04. विद्यालयों द्वारा अग्रेषित आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, जिसमें मुख्य परीक्षा की अंकतालिका की प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति भी सम्मिलित होगी, सी.बी.ई.ओ. कार्यालय को दिनांक 16.05.2026 तक प्राप्त होगी। जिसे सी.बी.ई.ओ. कार्यालय भली भांति एकत्रित कर दिनांक **18.05.2026** तक वाहक स्तर पर संबंधित डाईट में पहुंचाएगें सी.बी.ई.ओ. समयावधि के अनुरूप आवश्यक रूप से यह कार्य निर्धारित दिनांक को ही सम्पन्न करवाएं।
05. प्राचार्य डाईट कक्षा 5 व कक्षा 8 प्रभारियों की सहायता से सम्पूर्ण जिले के सभी ब्लॉक से प्राप्त आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी की भली भांति जांच कर निर्देशानुसार पात्र पाए गए आवेदन पत्रों को आवेदन पत्र क्रमांक प्रदान करेंगें। खारिज किए गए आवेदन पत्रों को क्रमांक प्रदान नहीं किया जाना है।
06. प्राचार्य डाईट दिनांक **21.05.2026** तक अंतिम समेकित सूची स्वयं के हस्ताक्षर व मुहर से प्रमाणित कर पीडीएफ प्रारूप में तथा इसी की सॉफ्ट प्रति एक्सेल प्रारूप में पंजीयक कार्यालय को जरिये ई–मेल प्रेषित करेंगें।
07. ध्यान रहे कि डाईट स्तर पर समेकित सूची तैयार करते समय सर्वप्रथम एक ही ब्लॉक के सभी परीक्षार्थी तत्पश्चात् एक ही विद्यालय के समस्त परीक्षार्थी एल्फाबेटिक क्रम से समेकित (सोर्ट) किए जाएं। पूरे जिले के परीक्षार्थियों को एक साथ एल्फाबेटिक क्रम में फिल्टर/सोर्ट न करें इससे भ्रामक स्थितियां उत्पन्न होने की संभावना रहेंगी एवं सभी ब्लॉक व विद्यालय अलग–अलग स्थानों पर प्रदर्शित होने से डाटा का विश्लेषण वांछित अनुक्रम में नहीं हो पायेगा। **<u>आवेदन पत्र में परीक्षार्थी को आवंटित किये जा रहे नामांक मुख्य परीक्षा 2026 के मूल आवंटित नामांक ही यथावत रहेंगे।</u>**

**<u>संलग्न :– आवेदन पत्र व समेकित सूची का प्रारूप।</u>**

(शीशराम कुलहरि)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/पूरक परीक्षा/2025–26** **दिनांक :– यथा ई–हस्ताक्षर**

प्रतिलिपिः–

01. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
02. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, संभाग स्तरीय, समस्त संभाग।
03. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त।
04. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) मा.शि./प्रा.शि. समस्त।
05. प्रधानाचार्य/संस्था प्रधान समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय तय समय सीमा में पूरक परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण करवाकर संबंधित सीबीईओ. स्तर पर निर्देशानुसार भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
06. रक्षित पत्रावली।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.04.29 12:43:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21874686
M e-Sign

# प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा–8), पूरक परीक्षा 2026

## आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक......................./2026
(रिक्त छोडे पूर्ति डाईट द्वारा की जाएगी)

| | |
|---|---|
| नाम परीक्षार्थी | |
| पिता का नाम | |
| मुख्य परीक्षा के नामांक | |
| विद्यालय का नाम<br>(मय NIC कोड) | |
| जिला व ब्लॉक का नाम | |

परीक्षार्थी का नवीनतम फोटोग्राफ संस्था प्रधान द्वारा हस्ताक्षर व मोहर से प्रमाणित

| | | |
|---|---|---|
| पूरक परीक्षा के विषय व विषय कोड अंकित करें<br>(अंकतालिका के अनुसार) | 1 | 2 |
| | 3 | 4 |
| | 5 | 6 |

आवेदन पत्र के साथ अंकतालिका की स्पष्ट/साफ पठनीय प्रति संलग्न कर दी गई है।
आवेदन पत्र में लिखे गये तथा अंकतालिका में अंकित पूरक परीक्षा के विषयों में अंतर नहीं है।

विद्यालय में परीक्षा प्रभारी के हस्ताक्षर

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि परीक्षार्थी की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता का उसकी अंकतालिका से मिलान कर जांच कर ली गई है। परीक्षार्थी ने जिन विषयों के लिए आवेदन किया है वह उन विषयों की पूरक परीक्षा में बैठने के लिए पात्र है। मुख्य परीक्षा की अंकतालिका संलग्न कर दी गई है।

| | |
|---|---|
| डाईट में जांचकर्ता के हस्ताक्षर | |

संस्था प्रधान के हस्ताक्षर मय मोहर

---

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा–8), पूरक परीक्षा 2026

### प्रवेश पत्र

| | |
|---|---|
| नाम परीक्षार्थी | |
| पिता का नाम | |
| मुख्य परीक्षा के नामांक | |
| विद्यालय का नाम<br>(मय NIC कोड) | |
| जिला व ब्लॉक का नाम | |

परीक्षार्थी का नवीनतम फोटोग्राफ संस्था प्रधान द्वारा हस्ताक्षर व मोहर से प्रमाणित

| | | |
|---|---|---|
| पूरक परीक्षा के विषय व विषय कोड अंकित करें<br>(अंकतालिका के अनुसार) | 1 | 2 |
| | 3 | 4 |
| | 5 | 6 |

प्राचार्य डाईट के हस्ताक्षर मय मोहर

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), पूरक परीक्षा 2026

## आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक....................../2026
(रिक्त छोडे पूर्ति डाईट द्वारा की जाएगी)

| | |
|---|---|
| नाम परीक्षार्थी | |
| पिता का नाम | |
| मुख्य परीक्षा के नामांक | |
| विद्यालय का नाम<br>(मय NIC कोड) | |
| जिला व ब्लॉक का नाम | |

परीक्षार्थी का नवीनतम फोटोग्राफ संस्था प्रधान द्वारा हस्ताक्षर व मोहर से प्रमाणित

| | | |
|---|---|---|
| पूरक परीक्षा के विषय<br>(अंकतालिका के अनुसार) | 1 | 2 |
| | 3 | 4 |

आवेदन पत्र के साथ अंकतालिका की स्पष्ट/साफ पठनीय प्रति संलग्न कर दी गई है।
आवेदन पत्र में लिखे गये तथा अंकतालिका में अंकित पूरक परीक्षा के विषयों में अंतर नहीं है।

विद्यालय में परीक्षा प्रभारी के हस्ताक्षर

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि परीक्षार्थी की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता का उसकी अंकतालिका से मिलान कर जांच कर ली गई है। परीक्षार्थी ने जिन विषयों के लिए आवेदन किया है वह उन विषयों की पूरक परीक्षा में बैठने के लिए पात्र है। मुख्य परीक्षा की अंकतालिका संलग्न कर दी गई है।

| | |
|---|---|
| डाईट में जांचकर्ता के हस्ताक्षर | |

संस्था प्रधान के हस्ताक्षर मय मोहर

---

प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), पूरक परीक्षा 2026

### प्रवेश पत्र

| | |
|---|---|
| नाम परीक्षार्थी | |
| पिता का नाम | |
| मुख्य परीक्षा के नामांक | |
| विद्यालय का नाम<br>(मय NIC कोड) | |
| जिला व ब्लॉक का नाम | |

परीक्षार्थी का नवीनतम फोटोग्राफ संस्था प्रधान द्वारा हस्ताक्षर व मोहर से प्रमाणित

| | | |
|---|---|---|
| पूरक परीक्षा के विषय व विषय कोड अंकित करें<br>(अंकतालिका के अनुसार) | 1 | 2 |
| | 3 | 4 |

प्राचार्य डाईट के हस्ताक्षर मय मोहर

# कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ..............................................

## प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) पूरक परीक्षा, 2026 के आवेदन पत्रों की डाइट द्वारा प्रमाणित एवं समेकित सूची

क्रमांक :                                                                 दिनांक :–        .05.2026

जिले का नाम :                                                            कुल प्राप्त आवेदन................

| क्र. सं. | आवेदन पत्र क्रमांक | परीक्षार्थी का नाम | पिता का नाम | मुख्य परीक्षा के नामांक | विद्यालय का नाम मय **NIC CODE** | ब्लॉक | पूरक परीक्षा **Supplementary Exam** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित | पर्यावरण अध्ययन | संस्कृत / उर्दू / सिंधी | कुल संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

नोट :–

1. डाईट स्तर पर जांचकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के ऊपर दायीं ओर एवं इस समेकित सूची के कॉलम संख्या 2 में आवेदन पत्र क्रमांक अंकित किये जाएंगें।
2. उदाहरण के लिए पूरे जिले से प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या यदि 100 है तो आवेदन क्रमांक 1/100 से प्रारम्भ हो कर 100/100 तक रहेंगें।
3. जिन परिक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा 2026 की ग्रेडतालिका में रिजल्ट के सम्मुख सप्लीमेन्ट्री अंकित है वे पूरक के लिए पात्र होंगें। ग्रेडतालिका में ई ग्रेड/अनुपस्थित वाले विषयों में पूरक परीक्षा का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगें । कॉलम संख्या 8 से 12 में पूरक के लिए आवेदित विषय के नीचे **(✓)** टिक मार्क अंकित करें। जिस विषय में आवेदन प्रस्तुत नहीं किया उस कॉलम में **(X)** का चिन्ह अंकित करें। कॉलम संख्या 13 में परीक्षार्थी द्वारा पूरक आवेदन में अंकित पूरक हेतु कुल विषयों की संख्या स्पष्टतः लिखें ।

4 एक्सेल शीट की प्रविष्टियां उक्त निर्देशानुसार ही करें तथा निर्धारित दिनांक तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

कक्षा 5 प्रभारी के हस्ताक्षर                                                                 हस्ताक्षर प्राचार्य डाइट मय मुहर

# कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ...............................................

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाणपत्र (कक्षा–8) पूरक परीक्षा 2026 के आवेदन पत्रों की डाइट द्वारा प्रमाणित एवं समेकित सूची

क्रमांक : दिनांक :– .05.2026

जिले का नाम : कुल प्राप्त आवेदन................

| क.सं. | आवेदन पत्र क्रमांक | परीक्षार्थी का नाम | पिता का नाम | मुख्य परीक्षा के नामांक | विद्यालय का नाम (मय एन. आई.सी. कोड़) | ब्लॉक | पूरक परीक्षा के विषय **Supplementary Exam** | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत | उर्दू | गुजराती | सिंधी | पंजाबी | संस्कृतम् | कुल संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट :–

1. डाईट स्तर पर जांचकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के ऊपर दायीं ओर एवं इस समेकित सूची के कॉलम संख्या 2 में आवेदन पत्र क्रमांक अंकित किये जाएंगें।
2. उदाहरण के लिए पूरे जिले से प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या यदि 100 है तो आवेदन क्रमांक 1/100 से प्रारम्भ हो कर 100/100 तक रहेंगें।
3. जिन परिक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा 2026 की ग्रेडतालिका में रिजल्ट के सम्मुख सप्लीमेन्ट्री अंकित है वे पूरक के लिए पात्र होंगें। ग्रेडतालिका में ई ग्रेड/अनुपस्थित वाले विषयों में पूरक परीक्षा का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगें । कॉलम संख्या 8 से 18 में पूरक के लिए आवेदित विषय के नीचे (✓) टिक मार्क अंकित करें। जिस विषय में आवेदन प्रस्तुत नहीं किया उस कॉलम में **(X)** का चिन्ह अंकित करें। कॉलम संख्या 19 में परीक्षार्थी द्वारा पूरक आवेदन में अंकित पूरक हेतु कुल विषयों की संख्या स्पष्टतः लिखें ।
4 एक्सेल शीट की प्रविष्टियां उक्त निर्देशानुसार ही करें तथा निर्धारित दिनांक तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

हस्ताक्षर प्राचार्य डाइट मय मुहर

कक्षा 8 प्रभारी के हस्ताक्षर